प्रेस नोट इटावा पुलिस दिनांक- 07.03.2025

#OPERATION CONVICTION

इटावा पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते मा0 न्यायालय इटावा द्वारा 07 गैंगस्टर अभियुक्तों को सुनायी गयी 08 वर्ष के कारावास की सजा एवं 5,000-5,000/- रूपये का दिया गया अर्थदण्ड।

जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कराये जाने तथा मा0 न्यायालय से दण्डित कराये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर इटावा के नेतृत्व में थाना जसवन्तनगर, मानीटरिंग सैल/सम्मन सैल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुये मा0 न्यायालय द्वारा हत्या करने वाले 07 अभियुक्तों को 08 वर्ष के कारावास की सजा सुनायी गयी एवं 5,000-5,000/- रूपये का अर्थदण्ड दिया गया।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 19.08.2017 को थाना जसवन्तनगर मु0अ0सं0 559/17 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम पंजीकृत किया गया था।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में विवेचना अधिकारी द्वारा साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्तों के विरूद्ध आरोप पत्र मा0 न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा उक्त अभियोग के संबंध मे अभियुक्त को दण्डित कराये जाने हेतु प्रभावी पैरवी करते हुये अभियोजन के सभी गवाहों को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अविलंब गवाही कराये जाने के निर्देश दिये गये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा इस प्रकरण मे सतत निगरानी रखते हुये दिये गये निर्देशानुसार अभियोग के गवाहों को थाना जसवन्तनगर पुलिस टीम, पैरोकार का0 मनीष कसाना एवं मानीटरिंग/सम्मन सैल टीम व एडीजीसी श्री कृष्णा सहाय शुक्ला द्वारा नियत तिथियों पर प्रस्तुत करते हुये व अन्य साक्ष्यों को मा0 न्यायालय इटावा के समक्ष पेश करते हुए प्रभावी एवं सख्त पैरवी की गयी। जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 07.03.2025 को मा0 न्यायालय ADJ- 10/स्पे0 गैंगस्टर कोर्ट इटावा द्वारा उक्त अभियोगों से संबंधित अभियुक्तों **08 वर्ष का कारावास एवं 5,000-5,000/- रुपये के अर्थदण्ड** से दण्डित किया गया।

सजायाफ्ता अपराधी-

1. **महकूज उर्फ मुन्ना पुत्र इदरीश उर्फ बब्बन निवासी डेरातम्बू थाना बिधुना जनपद औरैया ।**
2. **शहराम उर्फ शिवा पुत्र रिजवान निवासी आलमपुर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर।**
3. **मोईन उर्फ तीता पुत्र लहदूद निवासी आलमपुर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर।**
4. **आशिक पुत्र निक्का निवासी सरैया थाना बिधुना जनपद औरैया।**
5. **तैयाब पुत्र लहदूद उर्फ बड्डा निवासी आलमपुर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर।**
6. **साबिद उर्फ मिथुन पुत्र लहदूद उर्फ बड्डा निवासी आलमपुर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर।**
7. **सारिक उर्फ गोली पुत्र निक्का निवासी डेरा तम्बू निकट बडौत थाना बडौत जनपद बागपत।**